सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 56 | इंदौर, सोमवार 08 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

लाड़ली बहनों को दीपावली के बाद से 1500 रुपए प्रतिमाह अंतरित किए जाएंगे

## देवतालाब, बनारस और प्रयागराज धार्मिक क्षेत्र का अनूठा त्रिकोण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मऊगंज, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कहा है कि शिव मंदिर देवतालाब अदभुत है। यहां पांच तत्वों का आभास होता है। ऐसा अद्भुत मंदिर केवल विश्वकर्मा जी ही बना सकते हैं। देवतालाब, बनारस और प्रयागराज महत्वपूर्ण धार्मिक त्रिकोण हैं। देवतालाब आस्था, इतिहास और आनंद का संगम है। यह श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि है। ऐसी मान्यता है कि देवतालाब के शिव का दर्शन करने पर ही चारधाम की यात्रा का फल मिलता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहनों के खाते में जारी की जा रही राशि दीपावली के बाद से 1500 रुपए प्रतिमाह की जाएगी, जिसे वर्ष 2028 तक प्रतिमाह 3 हजार रुपए किया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मऊगंज के देवतालाब स्टेडियम में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 241 करोड़ 33 लाख रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास कर विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये और मऊगंज को विकास की अनेक सौगातें देते हुए घोषणाएं भी कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्यापूजन कर मऊगंज के संयुक्त जिला कार्यालय भवन का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हमारे गांव स्वावलम्बन की अद्भुत मिसाल हैं। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में स्वदेशी को अपनाते हुए आत्मनिर्भरता और स्वावलम्बन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट है। हमारी इस सामर्थ्य के परिणामस्वरूप ही देश की कीर्ति गाथा सम्पूर्ण विश्व में गूंज रही है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का कथन की '21वीं सदी भारत की होगी' साकार हो रहा है। गर्व का विषय है कि स्वामी





विवेकानंद अर्थात श्रद्धेय नरेन्द्र नाथ दत्त की भावना को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने चरितार्थ किया है। देश के गरीब, युवा, अन्नदात और महिलाओं का कल्याण तथा विकास तपोनिष्ट प्रधानमंत्री श्री मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सौभाग्य का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसी माह प्रदेश आगमन के लिए स्वीकृति प्रदान की है। राज्य सरकार ने प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में विकास और जनकल्याण के लिए कभी भी संसाधनों की कमी नहीं होने दी, इसी का परिणाम है कि प्रदेश में चहुंओर विकास का परचम लहरा रहा है। जबकि अन्य दलों की सरकारें विकास के लिए सदैव संसाधनों के अभाव का बहाना बनाती रहीं।

### विश्व की सभी महत्वपूर्ण नीतियों के निर्धारण में भारत है केंद्र बिंदु

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रयागराज और काशी विश्वनाथ के बीच बसा यह स्थान देवताओं की अभिरूचि की अभिव्यक्ति है। उनके स्वयं के लिए भी देवतालाब आगमन सदैव सुखद और भाग्यशाली रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति ने विश्व को मानवता का विचार देते हुए जीवन जीने का सही मार्ग प्रशस्त किया। वर्तमान में भी प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रभावशीलता के परिणाम स्वरूप विश्व की सभी महत्वपूर्ण नीतियों के निर्धारण में भारत केंद्र बिंदु बना हुआ है। यह हम सबके लिए गर्व-गौरव और स्वाभिमान का विषय है कि अमेरिका हो या दुनिया का कोई भी अन्य बड़ा देश, सभी प्रधानमंत्री श्री मोदी की स्वीकार्यता के लिए उत्सुक हैं। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश ने 2 साल से कम समय में जो विकास किया है वह ऐतिहासिक है। उन्होंने विकास योजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी। प्रारंभ में विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं अतिथियों का स्वागत किया और क्षेत्र के विकास के लिये विभिन्न प्रस्ताव रखे। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी और पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल, सांसद श्री जनार्दन मिश्र और विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां श्री नरेंद्र प्रजापति, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल सहित जन-प्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

पीएम मोदी का सांसदों को सक्सेस मंत्र

## नवाचार करने, जमीन से जुड़े रहने और संपर्क मजबूत करने की अपील की



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले आयोजित एक विशेष प्रशिक्षण सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसदों के साथ लंबी बातचीत की। उन्होंने साथियों को सफलता का मंत्र भी दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यशाला में भाजपा सांसदों के साथ पूरा दिन बिताया और संसदीय प्रभावशीलता को मजबूत करने, निर्वाचन क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने और सार्वजनिक जीवन में नैतिक मानकों को बनाए रखने पर फोकस करने की सलाह दी। इससे पहले कार्यशाला के दौरान प्रधानमंत्री मोदी सांसदों के बीच समय बिताया। वे सबसे अंतिम पंक्ति में आम कार्यकर्ता की तरह बैठे दिखाई दिए। इससे समावेशिता और खुले संवाद का माहौल बना। दिन भर चली इस बैठक का नेतृत्व युवा और अनुभवी सांसदों ने मिलकर किया। सूत्रों के मुताबिक, कार्यशाला का एक प्रमुख विषय ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून था, जिसे प्रधानमंत्री ने एक गंभीर सामाजिक मुद्दे के तौर पर सबके सामने रखा। उन्होंने सांसदों से हालिया प्रतिबंध के बारे में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

## पीथमपुर की ऑयल कंपनी में गैस लीकेज, 3 कर्मचारियों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पीथमपुर इलाके में रविवार को एक आइल कंपनी में काम करने वाले तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह प्लांट पर काम कर रहे थे। इस दौरान रिसाव हुआ। जिसमें तीनों कर्मचारी चपेट में आ गए। उन्हें तुरंत वहां से बाहर निकालकर नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। यहां से उन्हें एमवाय भेजा गया। सभी को यहां मृत घोषित कर दिया गया। घटना बगदून थाना इलाके की है। यहां पर सागर श्री आइल कंपनी है। रविवार रात करीब 8.30 बजे तीन कर्मचारी सुनील (35), दीपक (30) और जगदीश निवासी इंडोरमा पीथमपुर को बेहोशी हालत में लेकर आया गया था। यहां पर डॉक्टरों ने तीनों को चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले में कंपनी में मैनेजर लोकेश गुप्ता ने बताया कि वह प्लांट पर काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक गैस लीकेज हुई।

# शिप्रा में कार गिरी, टीआई-एसआई के शव मिले

महिला कांस्टेबल की तलाश जारी, किशोरी की तलाश में जा रहे थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले की शिप्रा नदी में कार गिरने से लापता हुए दो पुलिसकर्मियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। वहीं, लापता महिला आरक्षक की तलाश की जा रही है। नदी से जो दो शव बरामद हुए हैं उनकी पहचान उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा और एसआई मदनलाल निमामा के रूप में हुई है। महिला आरक्षण आरती पाल अभी भी लापता है।**

दरअसल, शनिवार रात को शिप्रा नदी के बड़े पुल से एक कार असंतुलित होकर नीचे पानी में गिर गई थी। इसके बाद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर







पहुंची पुलिस, नगर निगम, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, होमगार्ड और स्थानीय गोताखोरों की टीम कार और उसमें फंसे लोगों की तलाश मे जुट गई। रात करीब नौ बजे से शुरू हुए रेस्क्यू ऑपरेशन में देर रात तक पुलिस को सफलता नहीं मिली। रविवार सुबह छह बजे एक बार फिर रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। इस दौरान पुलिस को भैरवगढ़ क्षेत्र में नदी में एक शव होने की सूचना मिली।

पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को नदी के बाहर निकाला, जो उन्हेल के थाना प्रभारी अशोक शर्मा का था। इस दौरान पुलिस को पता चला कि जो कार नदी में गिरी थी वह पुलिसकर्मी की ही थी। कार में थाना प्रभारी अशोक शर्मा के साथ सब-इंस्पेक्टर मदनलाल निनामा और महिला आरक्षक आरती पाल भी सवार थे।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा, सब-इंस्पेक्टर मदनलाल निनामा और महिला आरक्षक आरती पाल शनिवार को गुराडिया-सांगा क्षेत्र से लापता हुई 14 साल की बालिका की तलाश में चिंतामण जा रहे थे। इस दौरान यह हादसा हो गया। एसपी शर्मा ने कहा कि संभवतः कार महिला आरक्षक आरती चला रही थीं, इस दौरान शिप्रा नदी के बड़े पुल से अनियंत्रित होकर कार नदी में गिर गई। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी अशोक शर्मा के बाद सब-इंस्पेक्टर मदनलाल निनामा का भी शव नदी से बाहर निकाल लिया है। महिला आरक्षक आरती पाल और कार की तलाश की जा रही है।

# सड़कों पर सजी सितारों की बारात, पुराणों के प्रसंगों से लेकर सेना के पराक्रम तक दिखी झलक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर में अनंत चतुर्दशी पर शनिवार को रतजगा हुआ। झांकियां देखने पूरा शहर सड़कों पर उतर आया। इंदौर में इसी के साथ झांकियों का 102वां साल भी पूरा हो गया। 12 घंटे में झांकियों ने करीब 6 किलो मीटर का सफर पूरा किया। चल समारोह मार्ग पर डेढ़ से 2 लाख लोग जुटे थे।

अनंत चतुर्दशी पर शहर के सांस्कृतिक रतजगे के 103 वें वर्ष में इंदौर की सड़कों पर फिर झिलमिल सितारों की बारात सजी। तीन दिन लगातार वर्षा के बाद शनिवार को मौसम खुला रहा और खुशनुमा मौसम और ठंडी रात के बीच इन झांकियों को निहारने के लिए हजारों लोगों का कारवां चलता रहा। इन झांकियों में पौराणिक प्रसंगों के चित्रण के साथ सेना के पराक्रम यानी ऑपरेशन सिंदूर को बखूबी पेश किया गया। इसके साक्षी बनने देशभर से हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ उमड़ी। पूरी रात झांकियां निकलने का सिलसिला चला। किसी वक्त इंदौर की शान रही कपड़ा मिलों और खजराना गणेश मंदिर के साथ ही नगर निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण तथा कुछ अन्य संस्थाओं की झांकियां भी इसमें शामिल हुईं। खजराना गणेश मंदिर की झांकी सबसे आगे चल रही थी। इसके पीछे ट्रैक्टर में भगवान खजराना गणेश की प्रतिमा लगाई गई थी। राजकुमार मिल की झांकियां मिल के गेट से बाहर निकली और जनरेटर में खराबी के कारण झांकियों की बिजली गुल हो गई। इसके बाद झांकी





कलाकारों ने इलेक्ट्रिशियन की मदद ली और बिजली व्यवस्था बहाल करने की कोशिश की। आधे घंटे बाद राजकुमार मिल की झांकियां फिर जगमगाई और कारवां में शामिल होकर आगे बढ़ी। इसके अलावा एमजी रोड की बिजली भी थोड़ी देर के लिए गुल हो गई थी। झांकियों का कारवां धीरे धीरे आगे बढ़ता रहा। खजराना गणेश की पहली झांकी रात 10 बजे नंदलालपुरा पार कर चुकी थी, जबकि अन्य मिलों की झांकी जेलरोड पर थीं।

### मंत्री विजयवर्गीय व मेयर भार्गव शामिल हुए

प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने समर्थकों के साथ एक रथ पर सवार हुए और देशभक्ति गीतों को गाते नजर आए। मेयर पुष्यमित्र भार्गव भी नगर निगम की झांकी के आगे एक खुले वाहन पर सवार होकर लोगों का अभिवादन करते हुए चल रहे थे। झांकियां समय पर निकलें, इसके लिए शाम सात बजे ही मिलों के गेट पर प्रशासनिक अफसर पहुंच गए और श्रमिकों को समय पर झांकियां गेट से बाहर करने की हिदायत देते रहे। उन्होंने झांकियों के ट्रालों के टायरों की हवा और बैटरियां भी जांचने के लिए कहा। अफसरों ने ज्यादा तेज साउंड बजाने वाली डीजे गाड़ियों से भी स्पीकर कम कराए। हर मंच पर दो से ज्यादा स्पीकर लगाने की अनुमति नहीं दी गई। कलेक्टर आशीष सिंह और अन्य अधिकारियों ने पूजा के बाद झांकियों को आगे बढ़ाया

### 32 अखाड़े और 28 झांकियां शामिल हुईं

इस बार 6 मिलों की 16 झांकियों के साथ ही 4 संस्थाओं की 12 अन्य झांकियां भी इसमें शामिल हुईं। हर बार की तरह इस बार भी पूरे चल समारोह में 32 अखाड़ों के समूह शामिल हुए।



### छह किमी लंबे मार्ग पर 3000 जवान तैनात

छह किलोमीटर लंबे झांकी मार्ग पर 3 हजार से ज्यादा पुलिस जवान तैनात किए गए, जबकि पांच सौ से ज्यादा नगर सुरक्षा समिति सदस्य भी मदद कर रहे थे। 20 से ज्यादा वॉच टावरों से पुलिस के विशेष दल झांकी मार्ग पर निगरानी रख रहे थे। इन वॉच टावरों पर चिकित्सकों को भी तैनात किया गया था। सीसीटीवी कैमरे भी झांकी मार्ग पर लगाए गए थे।

### शराबियों को जांच कर रोका

चल समारोह में शराब पीकर आने वालों के लिए पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर कुछ पुलिसकर्मियों को दे रखे थे। इनसे शराब के नशे में पाए गए लोगों को चल समारोह में शामिल होने नहीं दिया गया।

### ये झांकियां शामिल हुईं

इस बार खजराना गणेश मंदिर, इंदौर विकास प्राधिकरण, होप टेक्सटाइल (भंडारी) मिल, नगर निगम, कल्याण मिल, स्पूतनिक ट्यूटोरियल एकेडमी, मालवा मिल, स्वदेशी मिल, राजकुमार मिल तथा हुकुमचंद मिल, जय हरसिद्धी मां सेवा समिति सहित अन्य संस्थाओं की झांकियां निकलीं। एक संस्थान की दो या तीन झांकियां रहीं जो आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ स्वचलित थीं।

## हुकमचंद मिल की नरकासुर झांकी को मिला पहला पुरस्कार, दूसरा पुरस्कार राजकुमार और मालवा मिल की झांकी को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। रात को राजकुमार मिल की झांकी की बिजली भी बार-बार बंद हो रही थी और ट्राला भी खराब होने के कारण उसे देर लगी। तीसरे क्रम पर आपरेशन सिंदूर पर बनी कल्याण मिल की झांकी को पुस्कार मिला। विशेष पुरस्कार स्वदेशी मिल व होप मिल की झांकी को मिला है। सुबह तक झांकियां लौटने के बाद निर्णायक कमेटी ने झांकियों को लेकर निर्णय सुनाया। पहले स्थान पर हुकमचंद मिल की नरकासुर की झांकी रही, जबकि दूसरे क्रम संयुक्त रुप से राजकुमार मिल की लंका दहन झांकी और मालवा मिल की भगत के वश में भगवान विषय पर बनी झांकी को मिला। राजकुमार मिल की झांकी सबसे देरी से सुबह सात बजे निर्णायक मंच के सामने आई थी, लेकिन पुरस्कार पा गई। रात को राजकुमार मिल की झांकी की बिजली भी बार-बार बंद हो रही थी और ट्राला भी खराब होने के कारण उसे देर लगी। तीसरे क्रम पर



आपरेशन सिंदूर पर बनी कल्याण मिल की झांकी को पुस्कार मिला। विशेष पुरस्कार स्वदेशी मिल व होप मिल की झांकी को मिला है। नगर निगम व इंदौर विकास प्राधिकरण की झांकियां पुरस्कार की श्रेणी से बाहर रही। इस बार अखाड़ों के साथ भी कुछ झांकियां नजर आईं। कछुए की झांकी को काफी लोगों ने सराहा। झांकी निर्माण करने वाले श्रमिकों को

इस बार सबसे बड़ी चिंता बारिश की थी,क्योकि बारिश होने पर झांकियां खराब हो जाती है, लेकिन शनिवार रात बारिश नहीं हुई। इस बार चल समारोह में झांकियां और अखाड़ों के अलावा शहर के कई बड़े बैंड भी शामिल हुए। बैंड मास्टरों ने भी आग्रह किया है कि अच्छे बैंडों को भी उनकी प्रस्तुति के आधार पर पुरस्कार दिया जाना चाहिए।

### अखाड़ों के पुरस्कार

चल समारोह में अखाड़ों तथा व्यायाम शालाओं के युवाओं द्वारा हैरत अंगेज प्रदर्शन तथा करतब दिखाये गये। शस्त्र कला की विधा को अखाड़ों तथा व्यायामशालाओं के कलाकारों ने इतनी विविधताओं तथा बारीकियों के साथ प्रस्तुत किया कि दर्शक देखते रह गये। निर्णायक समिति ने इस बार दो विधाओं लाठी तथा दो हाथ के पटे वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार के लिये अखाड़ों का चयन किया। अखाड़ा निर्णायक समिति द्वारा इन प्रस्तुतियों की उत्कृष्टता के आधार पर निम्नानुसार निर्णय अनुशंसित किये गये हैं।

#### लाठी वर्ग

प्रथम - छोगालाल उस्ताद व्यायामशाला
द्वितीय - महावीर व्यायामशाला इतवारिया बाजार
तृतीय - रविदास व्यायामशाला
विशेष - गाजीगुरू व्यायाम शाला तथा अहिरवार चैतन्य व्यायामशाला

#### दो हाथ के पटे वर्ग

प्रथम - चंद्रपाल उस्ताद व्यायामशाला
द्वितीय - बिंदागुरू व्यायामशाला
तृतीय - बाबूसिंह उस्ताद व्यायामशाला, नादिया नगर
विशेष - देवीदिन गुरू व्यायामशाला तथा हीरालाल उस्ताद व्यायामशाला

#### महिला वर्ग

प्रथम - श्री रामनाथ गुरू शस्त्रकला व्यायामशाला
द्वितीय - श्री पंचमुखी गुरू अखाड़ा

#### बालक वर्ग

प्रथम - कार्तिक राजपूत (लोधीपंच व्यायामशाला)
द्वितीय - आदित्य यादव(गुरू मोहन सिंह उस्ताद व्यायामशाला)
तृतीय - दिव्यांश बेलिया ( महाबलेश्वर व्यायामशाला)
विशेष - विनय भारती (प्रमोद हार्डिया व्यायामशाला) तथा हितेश सौलंकी (बृजलाल उस्ताद व्यायामशाला)

#### बालिका वर्ग

प्रथम - परिधि धीमान (धानुक समाज बृजलाल गुरू व्यायामशाला)
द्वितीय - जिया यादव (वीर बलवंत गुरू व्यायामशाला डमरू उस्ताद)
तृतीय - भूमिका यादव (मार्तण्ड राव उस्ताद व्यायामशाला)
विशेष - कनक वर्मा (दास हनुमान व्यायामशाला) तथा लक्ष्मी वैध (छोटू गुरू व्यायामशाला)





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**पवित्र पितृपक्ष में शुकताल में पालीवाल समाज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथागंगा प्रथम दिवस में पंडित हरिनारायण जी वैष्णव ने भागवत कथा की उत्पत्ति महत्व बताया। इस अवसर पर किसान संघ के अध्यक्ष राजेंद्र झाडोतजी,दीपक भाई पालीवाल व्यापारी एवं साथ ही DGR के समूह प्रबंध संपादक महेंद्र पालीवाल जी ने व्यास पीठ को प्रणाम करते हुए पूजन अर्चन किया।**

# कुत्ते के काटने से मौत...

## तीन इंजेक्शन लग चुके थे, जबकि दो डोज बाकी थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक व्यक्ति की कुत्ते के काटने से मौत हो गई। उसे एंटी रैबीज के तीन इंजेक्शन लग चुके थे, जबकि दो डोज बाकी थे। इस बीच उसकी हालत बिगड़ने पर एमवाय अस्पताल में एडमिट किया गया। इसके बाद उसे रेबीज और तेज हो गया।**

वह पानी से घबराकर भागने लगा। फिर अजीबोगरीब हरकतें करने लगा। पागलपन की स्थिति में पत्नी उसे संभालकर गले लगाती रही। पत्नी ने उसे गले लगाया और और गाना सुनाते रही। कुछ देर बाद रविवार को उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम गोविंद पेवाल (45) निवासी जूनी इंदौर है। उसे तीन माह पहले बाहर सोने के दौरान एक कुत्ते ने काट लिया था। कुत्ते ने जबड़े में गोविंद का मुंह और चेहरे का कुछ हिस्सा जकड़ लिया था। आवाज सुनकर पत्नी संगीता और बेटे अजय उठे तो आपाधापी के बीच कुत्ता भाग गया। घटना में गोविंद के होंठ



और चेहरे का एक छोटा हिस्सा जख्मी हो गया था।

परिवार ने अगले दिन सरकारी हुकुमचंद अस्पताल में दिखाया तो डॉक्टरों ने ड्रेसिंग करने के साथ एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगाया। अलग-अलग अंतराल में एंटी रेबीज के दो इंजेक्शन लगाए गए। इस बीच दो दिन पहले उनकी हालत बिगड़ी। वे पानी से दूर भागने लगे और हवा से भी घबराने लगे। कभी आक्रमक तो कभी कुछ अमानवीय हरकतें करने लगे। पत्नी संगीता ने बताया कि पति मजदूरी करते थे। परिवार में एक बेटा अजय है। बारिश के चलते उनके कच्चे मकान में परेशानी थी, इसलिए बाहर सोए थे तभी कुत्ते ने हमला कर दिया। डॉक्टरों को दिखाया तो उन्होंने कहा कि उन्हें कुत्ते के काटने से रेबीज हो गया जिसका गहरा असर हुआ है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के यहां चोरी का प्रयास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर के बिजलपुर में रहने वाले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के यहां शुक्रवार रात 5 बदमाशों ने वारदात करने की कोशिश की। इस मामले में पुलिस ने चोरी के प्रयास के मामले में केस दर्ज किया। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में फुटेज देखे हैं। इसे लेकर क्राइम ब्रांच की टीम भी बदमाशों की तलाश में जुटी है। एडीशनल डीसीपी के मुताबिक बदमाशों ने इलाके में वारदात की कोशिश तो की, लेकिन किसी तरह का सामान नहीं चुराया। हालांकि जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। बदमाश यहां किन गाड़ियों से पहुंचे थे। उनकी भी जानकारी निकाली जा रही है। पुलिस के अनुसार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के सूने आफिस में चोरी का प्रयास किया गया हे। लॉक तोड़कर बदमाश घुसे तो सही, लेकिन कुछ चुराकर नहीं ले जा पाए। इसके साथ ही दो अन्य लोग नरेन्द्र दुबे और रौनक ठाकुर के यहां भी बदमाशों ने घुसने का प्रयास किया था। यहां भी बदमाशों ने सामान नहीं चुराया। राजेश दंडोतिया के मुताबिक जीतू पटवारी के यहां गार्ड भी रहता है। वह छुट्टी पर था। बदमाशों ने आफिस की लाइट काटी थी। बदमाशों को किसी ने ललकारा भी था। जिसके बाद वह कॉलोनी से भागते हुए दिखे हैं। लोकेशन निकाली जा रही है। बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# झांकी मार्ग पर बर्तन दुकान में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जवाहर मार्ग से लगे पीपली बाजार में शनिवार देर रात महावीर मार्ग स्थित एक बर्तन की दुकान में करीब 3 बजे आग लग गई। दुकान से उठे धुएं ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे ऊपर बने कमरों में रह रहे पांच किराएदार फंस गए।**

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

**दुकान में लगी आग से फैला धुआं-** फायर ब्रिगेड



के मुताबिक आग धर्म कालरा, निवासी त्रिवेणी कॉलोनी की श्री बिल्डर्स नामक दुकान में लगी थी। आग लगने के बाद दुकान और बिल्डिंग के अंदर भारी धुआं फैल गया। सूचना पर पीपली बाजार में मौजूद फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया। भीड़ से रास्ता बनाकर दमकल वाहन अंदर पहुंचाया गया और करीब एक टैंक पानी डालकर आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान दुकान का फर्नीचर और कुछ अन्य सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस के मुताबिक जिस बिल्डिंग में यह दुकान है, उसमें पांच से ज्यादा दुकानें और ऊपर किराएदारों के कमरे बने हुए हैं। धुआं फैलने से यहां रहने वाले लोग फंस गए थे। इनमें अब्दुल सतार, कमरून निशा, रूपाईया, रीजवाना बी और शाहनवाज बी शामिल थे। दमकलकर्मियों ने खिड़कियां और दरवाजे खोलकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। अधिकारियों का कहना है कि अगर आग ऊपर तक फैल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही आसपास के थानों का पुलिस बल और नगर सुरक्षा समिति के सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। सुरक्षा के लिहाज से रास्तों को दोनों ओर से बंद कर दिया गया और भीड़ को हटाया गया।

# माता-पिता और बुजुर्गों को तीर्थ दर्शन कराना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य - मंत्री श्री सिलावट

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना के तहत इंदौर से 200 बुजुर्ग यात्री रामेश्वरम के लिए हुए रवाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना के तहत आज 200 बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों का जत्था रामेश्वरम के लिए रवाना हुआ। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने इन यात्रियों का स्वागत कर यात्रा के लिए रवाना किया।**

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के वरिष्ठ नागरिकों को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से धार्मिक स्थलों की मुफ्त यात्रा कराती है। इस योजना के तहत 60 वर्ष की आयु से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को पवित्र स्थानों वाराणसी, रामेश्वरम, मथुरा, वृन्दावन, अमृतसर, वैष्णोदेवी आदि के दर्शन कराने के लिए शुरू की गई, जिसका पूरा खर्च राज्य सरकार करती है। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को उनके जीवनकाल में कम से कम एक बार धार्मिक स्थलों का दर्शन कराना है। इस योजना से गरीब-धर्मप्रेमियों को लाभ हो रहा है।

मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि सांवेर के 27 यात्रियों सहित इन्दौर जिले की 9 विधानसभाओं के 200 यात्रियों को आज सुबह इन्दौर रेलवे स्टेशन से पुष्प मालाएं पहना कर 'जय-जय श्री राम' की जयघोष कर रामेश्वर की यात्रा पर रवाना किया गया।



**अनिरुद्धाचार्य के लिव-इन वाले बयान का किया समर्थन**

# प्रज्ञा बोलीं- मां-बाप संस्कार नहीं देते तो लड़कियां अर्धनग्न रहती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल से पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के लिव इन में पराए पुरुषों और महिलाओं को लेकर दिए गए बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मां-बाप बच्चों को संस्कार नहीं दे पाते तो बच्चियां अर्धनग्न दिखाई देती है।

साध्वी प्रज्ञा 31 जुलाई को मालेगांव ब्लास्ट केस से बरी होने के बाद वृंदावन पहुंची। उन्होंने वृंदावन में गौरी गोपाल आश्रम पहुंचकर कथावाचक अनिरुद्धाचार्य से मुलाकात की। इस दौरान प्रज्ञा ठाकुर के साथ उनकी बहन उपमा सिंह ठाकुर भी मौजूद थीं। प्रज्ञा ने अनिरुद्धाचार्य से कहा कि मैं मानती हूं कि आपने जो कहा, वह समाज की स्थिति को स्पष्ट करता है।



आपने अपनी बात आत्मविश्वास से कही है। आपने कोई बात मन से नहीं बनाई, मैं आपकी बात का समर्थन करती हूं। उन्होंने कहा कि जब समाज में ऐसे परिदृश्य बढ़ने लगते हैं, तो दुराचार की घटनाएं भी बढ़ती हैं। माता-पिता बच्चों को मर्यादा और संस्कार नहीं सिखा पाते। नतीजा यह होता है कि जब लड़कियां स्कूल-कॉलेज जाती हैं, तो कई बार वे अर्धनग्न दिखाई देती हैं। माताओं को बेटियों को मर्यादा सिखानी चाहिए, लेकिन साथ ही बेटों को भी यह शिक्षा दी जानी चाहिए। प्रज्ञा ठाकुर ने कहा, "बेटों से भी पूछा जाना चाहिए कि वे कितने बजे घर आएंगे, जैसे कि बेटियों से पूछा जाता है। घर लौटने का समय एक अनुशासन है, जिसे सभी को मानना चाहिए। जो नियम घर में बनाए गए हैं, उनका पालन जरूरी है। अगर माताएं-बेटियां और पिता-बेटों को नहीं सिखाएंगे तो समाज में फैल रही विकृति और बढ़ती पाश्चात्य सोच के कारण रिश्तों की पहचान तक मुश्किल हो जाएगी।" इस दौरान कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने बीच में कहा – "लिव-इन..."। प्रज्ञा ठाकुर ने उन्हें टोकते हुए कहा, "जो भी हो, हमारे शब्दों की एक मर्यादा है। भले ही कोर्ट कुछ भी कहे, लेकिन ऐसी बातें सनातन धर्म में स्वीकार्य नहीं हैं, इसलिए हम उनका विरोध करते हैं।" प्रज्ञा ठाकुर ने कहा, "संयुक्त परिवार की परंपरा केवल भारत में ही है और कहीं है ही नहीं। बड़े सुगठित, संस्कारित, सम्मिलित परिवार गुजरात में इसके अच्छे उदाहरण हैं। जहां अधिकतर परिवार संयुक्त रूप से रहते हैं।

## ईद के जुलूस में एसडीओपी ने लहराया धार्मिक झंडा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी। छतरपुर में ईद मिलाद उन नबी के जुलूस में ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी धार्मिक झंडा लिए नजर आए। इस दौरान वे घोड़े पर बैठे थे। घटना शुक्रवार की है, जिसका वीडियो रविवार को सामने आया है।**

वीडियो में लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे, यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत और एक अन्य पुलिसकर्मी घोड़े पर सवार होकर धार्मिक झंडा लिए नजर आ रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए कि क्या ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों का धार्मिक जुलूस में इस तरह भाग लेना उचित है। इधर, मामला सामने आने के बाद छतरपुर एसपी अगम जैन ने संबंधित पुलिसकर्मियों को नोटिस जारी कर चार दिन में जवाब मांगा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जांच की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। एसडीओपी नवीन दुबे ने सफाई देते हुए कहा - हम घोड़े पर बैठकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे थे। उसी दौरान एक व्यक्ति ने झंडा पकड़ा दिया, और वह वीडियो में रिकॉर्ड हो गया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया मऊगंज के बहुती जल प्रपात का अवलोकन

### व्यू प्वाइंट से देखी दूधिया जलधारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मऊगंज जिले के प्रवास पर नई गढ़ी जनपद पंचायत के बहुती जल प्रपात का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वाटरफॉल के नजदीक जाकर व्यू प्वाइंट से जलप्रपात की गिरती हुई दूधिया जल धारा और वहा बनने वाले इंद्रधनुष की आभा को देखा।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहुती जल प्रपात के समीप कार्यक्रम स्थल पर गौपूजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव से जंगल में विचरण करने वाली गौमाताओं को अपनी एक आवाज में अपने पास बुलाने की कला रखने वाले रकरी गांव के गौसेवक सौखीलाल यादव ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम की दीदीओं द्वारा सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बहुती में हुआ पारंपरिक स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बहुती पहुंचने पर पारंपरिक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज की लोक कला की छात्राओं ने बघेली शैली नृत्य और स्थानीय लोक कलाकारों के दल ने अहिरहाई लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल, पशुपालन डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल, विधायक सर्वश्री गिरीश गौतम, दिव्यराज सिंह और प्रदीप पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, कमिश्नर रीवा श्री बी.एस. जामोद, आई.जी. श्री गौरव राजपूत, कलेक्टर श्री संजय जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री प्रजापति सहित नागरिक मौजूद थे।

### शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना और रुद्राभिषेक किया

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मऊगंज जिले के देवतालाब शिव मंदिर में भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान आशुतोष का रुद्राभिषेक भी किया। मुख्यमंत्री ने भगवान शिव से प्रदेश की निरंतर प्रगति और जनकल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिवकुंड का अवलोकन किया और इसका सौंदर्यीकरण कराए जाने की बात कही। मंदिर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय कलाकार बांकेलाल के शहनाई वादन की मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## दुष्कर्म पीड़िता के नवजात की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा, एजेंसी।** हरदा में एक नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता के नवजात शिशु की जन्म के दो दिन बाद मृत्यु हो गई। जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार फेफड़ों में दूध जाने से हुए इन्फेक्शन के कारण बच्चे की मृत्यु हुई। मामले की शुरुआत 26 जून को हुई, जब पीड़िता को कमर दर्द की शिकायत पर एम्स भोपाल ले जाया गया।

वहां जांच में उसके गर्भवती होने का पता चला। छीपाबड़ थाना पुलिस ने 29 जून को चार आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने जुलाई में तीन आरोपियों राकेश सांगुले, रामसिंह उर्फ लाला और श्याम सिंह उर्फ आर्यन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चौथा आरोपी राजा सांगुले अभी फरार है। नौवीं कक्षा की छात्रा ने 5 सितंबर को सुबह करीब तीन बजे बच्चे को जन्म दिया। जिला अस्पताल के एसएनसीयू प्रभारी डॉ. दीपक दुगाया के अनुसार, एसएनसीयू में लाने से एक घंटे पहले ही नवजात की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तर्पण करने गए दादा डूबे, पोती लापता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** रविवार सुबह भोपाल के बैरसिया की ब्रह्म नदी में बुजुर्ग और उनकी पोती बह गए। खजुरिया रामदास गांव में करीब 9 बजे बाबूलाल साहू (70), अपनी पोती चिंकी (12) और एक पोते के साथ नदी में तर्पण करने गए थे।

इसी दौरान पोती बहने लगी तो बाबूलाल उसे बचाने पानी में कूदे। लेकिन तेज बहाव में फंसकर वे और पोती दोनों बह गए। करीब साढ़े 3 घंटे के बाद घटनास्थल से आधा किमी दूर बुजुर्ग का शव मिला। एसडीआरएफ की टीम बच्ची को तलाश रही है।

उधर, छतरपुर में अंकित पिता तुलसीदास पटेल (15) की थरा बांध में डूबने से मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने गया था। इसी दौरान नहाते समय उसका पैर फिसला और वह गहरे पानी में चला गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बराजखेरा गांव का रहने वाला अंकित परिवार का इकलौता बेटा था। रायसेन में सम्राट अशोक सागर हलाली डैम के दो गेट आज भी खुले हैं। इनको 0.75 मीटर तक खोलकर 112.97 क्यूमेक पानी छोड़ा जा रहा है।

### उन्हेल थाना प्रभारी श्री शर्मा का निधन

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में ड्यूटी के दौरान क्षिप्रा नदी में वाहन गिरने से हुई दुर्घटना में उन्हेल के थाना प्रभारी श्री अशोक शर्मा का असामयिक निधन हृदय विदारक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोकाकुल परिजन के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्यात्मा की शांति और परिजन को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वाहन दुर्घटना में लापता पुलिसकर्मी श्री मदनलाल निनामा एवं सुश्री आरती पाल के लिए सर्च ऑपरेशन तेजी से जारी है।

## मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** जबलपुर से करीब 40 किलोमीटर दूर पाटन-शहपुरा रोड पर शनिवार रात तेज रफ्तार क्रेटा कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। चार गंभीर हैं। पुलिस के मुताबिक, शहपुरा निवासी शकीला बी (45) अपने बेटों- रमजान उर्फ शोहेब (19) और फैजान (12) के साथ बाइक नंबर एमपी20 एमडी 9473 से पाटन गई थी। रात को लौटते समय ग्वारी गांव के पास पीछे से आ रही सफेद क्रेटा कार नंबर एमपी20 जेडएन 8904 ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में शकीला बी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि शोहेब ने रविवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पैदल जा रही फागनी बाई (60) भी हादसे का शिकार हुई है। उसका शव रविवार सुबह घटनास्थल पर तलाशी के दौरान नाले से मिला। वह ग्वारी गांव की रहने वाली थी। क्रेटा चालक लखन सिंह (80) समेत चार लोग घायल हैं, जिन्हें जबलपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## संपादकीय

### अमेरिका ने भारत और रूस को अंधेरे चीन के हाथों खो दिया...

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब पाकिस्तान की तरफ से भारत के कई मिलिट्री ठिकानों पर ड्रोन, मिसाइल और रॉकेट से हमले किए गए तब भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन खतरों को अपनी तरफ आता देख, वक्त रहते ट्रैक किया और ध्वस्त किया। भारत के इस मजबूत एयर डिफेंस में आकाशतीर वरदान साबित हुआ। उस वक्त आकाशतीर प्रोजेक्ट का 60 पर्सेंट ही काम पूरा हुआ था। ये काम जारी है और अगले साल ये पूरा हो जाएगा। तब सभी ब्रिगेड और यूनिट लेवल पर एयर डिफेंस सेंसर्स इंटीग्रेट हो जाएंगे। आकाशतीर प्रोजेक्ट के तहत सभी एयर डिफेंस सेंसर्स को इंटीग्रेट किया जा रहा है। कुल 455 सिस्टम की जरुरत है। अब करीब 275 सिस्टम डिलीवर हो गए हैं। यानी ऑपरेशन सिंदूर के वक्त करीब 60 पर्सेंट काम पूरा हुआ था। इसमें नॉर्दन बॉर्डर यानी चीन और वेस्टर्न बॉर्डर कवर हो गया है। इंडियन आर्मी के हर कोर लेवल पर आकाशतीर का इंडक्शन हो गया है। अगले साल के आखिर तक हर ब्रिगेड और यूनिट स्तर पर भी यह पूरा हो जाएगा। आकाशतीर के जरिए एक ही जगह पर अलग अलग तरह के रडार की पूरी पिक्चर दिखती है। आर्मी के एयर डिफेंस के पास जो रडार हैं और एयरफोर्स के पास जो मीडियम और हाई पावर रडार हैं, वह सब इंटीग्रेड होकर एक कंप्लीट पिक्चर दे रहे हैं। इससे हवाई खतरों का मुकाबला करने के लिए एयर डिफेंस नेटवर्क को मजबूती मिली। यह पूरे देश के एयर स्पेस की एक पूरी पिक्चर देता है। किसी भी जगह, किसी भी भौगोलिक परिस्थिति में, किसी भी मौसम में या किसी भी बॉर्डर पर तैनात एक मिलिट्री यूनिट को भी यह पूरी पिक्चर दिखाता है। आकाशतीर से पहले किसी भी रडार पर जो पिक्चर दिखाई देती है उसे ऑपरेटर देखकर और एनालाइज कर फीड करते थे। अलग अलग जगह के एयर स्पेस की जानकारी उसे नहीं मिल पाती थी। आर्मी और एयरफोर्स के रडार की तब अलग अलग पिक्चर मिलती थी। जिससे दुश्मन के किसी हवाई हमले की स्थिति में रिएक्शन टाइम ज्यादा हो सकता था। क्योंकि पहले सारी पिक्चर को देखकर फिर कॉर्डिनेशन कर ही कोई एक्शन लेना होता है। लेकिन आकाशतीर से अब सिस्टम ही सभी रडार से मिल रही तस्वीरों को एनालाइज करके पूरी पिक्चर दिखाता है, वो भी रियल टाइम। जिससे फैसला लेने में बिल्कुल भी देरी नहीं होती। इससे कॉर्डिनेशन और सिचुवेशनल अवेयरनेस बढ़ रही है, यानी पता रहेगा कि किस फ्रंट पर क्या हो रहा है। इससे हवा में उड़ रहे ऑब्जेक्ट की तुरंत पहचान होती है कि यह दोस्त है या दुश्मन। दुश्मन की तरफ से आए एरियल खतरों को गिराने में कम वक्त लग रहा है। यही ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी हुआ।

## OSHO कहिन

**"शांति तब आती है जब आप दूसरों की बातों से प्रभावित होना बंद कर देते हैं।"**



## सैर-सपाटा

# गया के साथ इन 7 जगहों पर भी होता है पूर्वजों का श्राद्ध, पिंडदान से मिलती है मुक्ति



**पितृ पक्ष शुरू होते ही गया, बिहार में पूर्वजों का श्राद्ध और पिंड दान करने के लिए लोग पहुंचने लगते हैं। मान्यता है कि यहां पर बने विष्णुपद मंदिर में पिंड दान से पूर्वजों की आत्मा को मुक्ति मिलती है और पृथ्वीलोक से गमन कर जाते हैं। लेकिन केवल गया ही नहीं बल्कि पूरे भारत में बने इन 7 जगहों पर पिंड दान का महत्व है। कोई इंसान अगर गया नहीं जा पा रहा तो इन जगहों पर पिंड दान से भी पूर्वजों की आत्मा को मुक्ति मिलती है। जानें कौन सी हैं वो 7 पवित्र जगहें, जहां पर पिंड दान से पूर्वजों को मिलती है शांति।**

### ◆ काशी

भगवान शिव की नगरी काशी को मुक्ति का मार्ग माना गया है। शरीर से मुक्ति पाने के लिए काफी सारे लोग अंतिम समय में काशी में रहने लगते हैं। काशी के मणिकर्णिका घाट और दशाश्वमेध घाट पर पिंड दान और तर्पण करने से ये सीधे भैरव और भगवान शिव के द्वारा एक्सेप्ट किया जाता है और पूर्वजों को मुक्ति मिल जाती है।

### ◆ ध्रुव घाट, मथुरा

कान्हा की नगरी मथुरा में भी पूर्वजों का पिंड दान किया जाता है। पिंड दान के लिए फेमस पांच प्रमुख नगरों में मथुरा भी शामिल है। यमुना नदी पर बने कुल 24 घाट में से एक ध्रुव घाट पर तर्पण और पिंड दान किया जाता है। मान्यता है कि राजा उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव ने इस घाट पर अपने पूर्वजों का पिंड दान किया था और उसे श्रीहरि विष्णु ने स्वीकार कर लिया था। इसलिए पूर्वजों की मुक्ति के लिए लोग मथुरा में बने ध्रुव घाट पर भी पिंड दान करते हैं।

### ◆ हर की पैड़ी, हरिद्वार

हर की पैड़ी यानि भगवान हरि विष्णु के चरण। ये पवित्र नगर जिसे मायापुरी के नाम से भी जानते हैं बेहद पवित्र नगर और यहां पर श्राद्ध, पिंड दान करने से आत्मा को मुक्ति मिलती है। हरिद्वार में त्रिगंगा, नारायणशिला, कनखल धाम जैसी जगहे हैं। जहां पर अलग-अलग तरीके की आत्माओं को मुक्ति के लिए श्राद्ध किया जाता है। मान्यता है कि कनखल में पिंडदान करने से उन आत्माओं को मुक्ति मिलती है। जिनकी अकाल मृत्यु हुई है।

### ◆ देव प्रयाग, उत्तराखंड

सनातन धर्म में देव प्रयाग का खास महत्व है। यहां पर अलकनंदा और भागीरथी मिलकर गंगा बनती है। यहां पर राजा राम ने पिता दशरथ का तर्पण किया था। कहा जाता है कि देव प्रयाग में तर्पण करने से जन्माजन्मांतर के बंधन से मुक्ति मिल जाती है।

### ◆ त्रियुगी नारायण मंदिर, उत्तराखंड

त्रियुगी नारायण मंदिर को शिव और पार्वती के विवाह स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां पर बने सरस्वती कुंड में तर्पण किया जाता है। ये मंदिर 18 जार साल पुराना है और यहां पर भगवान विष्णु के साथ माता लक्ष्मी और सरस्वती स्थापित है।

### ◆ ब्रह्म कपाल शिला, बदरीनाथ

बदरीनाथ मंदिर के पास बने ब्रह्म कपाल शिला को पितृ तर्पण का सबसे मुख्य स्थान माना जाता है। यहां पर पिंड दान का फल गया से 8गुना ज्यादा होता है। इस जगह पर पिंड दान करने से पितरों को शांति मिलती है और परिवार को पितृ दोष से भी मुक्ति मिलती है। इस शिला पर पांडवों ने अपने पूर्वजों की आत्माओं की शांति के लिए पिंड दान किया था।

### ◆ पिहोवा तीर्थ,कुरुक्षेत्र

हरियाणा के कुरुक्षेत्र में ऐसी जगह बनी है। जहां पर पिंड दान करने से पितरों को शांति मिलती है। यहां पर बने सरस्वती सरोवर में स्नान कर लोग पितरों की शांति के लिए पिंडदान करते हैं। इस जगह का महाभारत काल से संबंध है और यहां पर भी पिंड दान के लिए लोगों की भीड़ उमड़ती है।

## New Delhi

# चुनाव आयोग पूरे देश में वोटर वेरिफिकेशन करेगा

### 10 सितंबर को दिल्ली में मीटिंग, साल के आखिरी में प्रक्रिया शुरू हो सकती है

**नई दिल्ली, (एजेंसी) चुनाव आयोग (ECI) पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी SIR (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करने की तैयारी में है। इसको लेकर दिल्ली में 10 सितंबर को बैठक होगी।**

न्यूज एजेंसी PTI ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि बैठक में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) शामिल होंगे। इसमें देशभर में SIR कराने को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी। यह मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के फरवरी में पद संभालने के बाद तीसरी बैठक होगी।



चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद वोटर लिस्ट जांच की प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी। साल के आखिरी में इसकी शुरुआत हो जाएगी, ताकि 2026 में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट को अपडेट किया जा सके। चुनाव आयोग के अनुसार, SIR का उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और अवैध मतदाताओं जैसे विदेशी नागरिकों, मृत व्यक्तियों या स्थानांतरित लोगों को हटाना है। इस बीच कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से आए प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

## Uttarakhand

### उत्तराखंड में फर्जी बाबाओं पर शिकंजा, इफराज बन गया था 'राज आहूजा', 14 गिरफ्तार



**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कालनेमी के तहत अब तक 14 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है. इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश में सक्रिय फर्जी बाबाओं और धार्मिक रूपांतरण कराने वालों पर शिकंजा कसना है.

न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक अपराध और कानून व्यवस्था के पुलिस महानिरीक्षक निलेश आनंद भरणे ने बताया कि जुलाई से चल रहे इस ऑपरेशन के तहत अब तक 5,500 से अधिक लोगों से पूछताछ की गई है. इनमें से 1,182 पर कार्रवाई की गई है, जबकि 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों में कुछ बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल हैं.

पुलिस के अनुसार, हरिद्वार में 2,704 लोगों की जांच की गई, जिनमें से तीन गिरफ्तार हुए. वहीं देहरादून में 922 लोगों की जांच में पांच गिरफ्तारियां हुईं. इसी तरह टिहरी, पौड़ी, अल्मोड़ा, नैनीताल समेत कई जिलों में अभियान जारी है.

भरणे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में एक बांग्लादेशी नागरिक भी है, जो पिछले आठ सालों से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर देहरादून के सेलाकुई में 'बंगाली डॉक्टर' अमित कुमार के नाम से रह रहा था. इसके अलावा, कश्मीर के अनंतनाग निवासी इफराज अहमद लोलू को भी गिरफ्तार किया गया है, जो धर्म छिपाकर 'दिल्ली का अमीर शख्स राज आहूजा' बनकर महिलाओं को धोखा दे रहा था.

## Odisha

### मदरसे में 12 साल के बच्चे का कत्ल...

**भुवनेश्वर, (एजेंसी) ओडिशा के नयागढ़ जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां रानपुर थाना क्षेत्र में स्थित मदरसे के पांच नाबालिग छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लिया है. पुलिस का कहना है कि इन आरोपियों ने मदरसे के 12 साल के छात्र की हत्या कर दी और शव को सेप्टिक टैंक में फेंक दिया.**

एजेंसी के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि यह घटना 2 सितंबर को हुई थी. मृतक छात्र का नाम अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है. शुरुआती जांच में पता चला है कि पीड़ित छात्र कट्टक जिले के बदंबा क्षेत्र का रहने वाला था. उसने सीनियर छात्रों द्वारा जूनियर छात्रों के साथ किए जा रहे यौन शोषण की बात उजागर करने की धमकी दी थी. इसी को लेकर आरोपी छात्रों ने उसे निशाना बनाया और हत्या कर दी. ASP नयागढ़ सुभाष चंद्र पांडा ने बताया कि मृतक छात्र के साथ सीनियर छात्र पिछले छह महीने से यौन उत्पीड़न कर रहे थे. 31 अगस्त को भी उसकी हत्या का प्रयास किया गया था. जब शव सेप्टिक टैंक से बरामद किया गया तो शुरुआत में यह एक्सीडेंट जैसा मामला लगा, लेकिन जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि छात्र को शारीरिक यातना दी गई और गला घोंटकर उसकी हत्या की गई है.

## Paschim bangal

# कोलकाता में जन्मदिन पर 20 साल की लड़की का रेप

### दो दोस्तों ने पार्टी करने के बहाने घर पर बुलाया, घटना के बाद हुए फरार

**कोलकाता, (एजेंसी) कोलकाता के रीजेंट पार्क इलाके में 20 साल की लड़की का उसके जन्मदिन पर दो युवकों ने गैंगरेप किया। घटना 5 सितंबर की है, पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित हरिदेवपुर की रहने वाली है। उसकी दोनों आरोपियों चंदन और दीप से पहचान थी।**

चंदन लड़की को उसका बर्थडे मनाने के लिए दीप के घर ले गया। वहां उन्होंने खाना खाया। जब पीड़ित ने कहा कि वह घर लौटना चाहती है, तो आरोपियों ने उसे रोक लिया। फिर दरवाजा बंद करके रेप किया।

घटना की अगली सुबह करीब 10.30 बजे पीड़ित किसी तरह आरोपी के घर से भाग निकली। घर लौटकर परिवार को जानकारी दी। फिर केस दर्ज कराया। फिलहाल आरोपी फरार हैं, दोनों की तलाश जारी है।

आरोपी ने खुद को बताया था दुर्गा पूजा समिति का प्रमुख शिकायत में महिला ने यह भी कहा कि वह कई महीने पहले चंदन से मिली थी। उसने खुद को दक्षिण कोलकाता में एक बड़े दुर्गा पूजा समिति का प्रमुख बताया। उसके माध्यम से वह दीप से मिली और तीनों एक-दूसरे के संपर्क में थे। दोनों आरोपियों ने उसे पूजा समिति में शामिल करने का वादा किया था।

## खेल

# भारत ने आठ साल बाद जीता खिताब कोरिया को दी करारी शिकस्त

### ◆ विश्व कप के लिए किया क्वालिफाई



**राजगीर, (एजेंसी) बिहार के राजगीर में आयोजित हॉकी एशिया कप 2025 के खिताबी मुकाबले में रविवार को भारत ने पांच बार की विजेता दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। भारतीय हॉकी टीम आठ साल बाद एशिया कप की चैंपियन बनी है। यह उसकी टूर्नामेंट में चौथी खिताबी जीत है।**

हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ने मौजूदा चैंपियन कोरिया को पराजित कर न सिर्फ ट्रॉफी जीती, बल्कि अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। इससे पहले भारत ने 2003, 2007 और 2017 में भी खिताब जीता था। खास बात यह है कि 2007 और अब 2025 दोनों बार भारत ने कोरिया को हराकर खिताब जीता है। भारत 1982, 1985, 1989, 1994 और 2013 में उपविजेता (रनर-अप) रहा।

#### भारत ने शुरुआत से बनाया दबाव

मैच की शुरुआत से ही भारतीय खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया और बढ़त हासिल की। पहले ही मिनट में सुखजीत सिंह ने गोल दागकर भारत को बढ़त दिला दी। हालांकि आठवें मिनट में जुगराज सिंह पेनाल्टी स्ट्रोक का फायदा उठाने से चूक गए। पहला क्वार्टर भारत के नाम 1-0 से रहा। दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने अपना दबदबा बनाए रखा। दिलप्रीत सिंह ने 27वें मिनट में गोल करते हुए बढ़त को 2-0 कर दिया। हाफ-टाइम तक भारत 2-0 से आगे था। तीसरे क्वार्टर में कोरिया ने वापसी की कोशिश की और लगातार पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किए, लेकिन भारतीय डिफेंस के आगे उनकी एक न चली। वहीं 44वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने अपना दूसरा और भारत का तीसरा गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया।

अंतिम क्वार्टर में भारत की ओर से अमित रोहिदास ने 49वें मिनट में शानदार फील्ड गोल किया। हालांकि एक मिनट बाद ही कोरिया के डैन सन ने गोल दागकर अंतर 4-1 कर दिया, लेकिन इसके बाद भारतीय टीम ने मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। चारों क्वार्टर में दबदबा बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों ने यह खिताबी जीत अपने नाम की और एक बार फिर साबित किया कि हॉकी में भारत एशिया की सबसे मजबूत टीम है।

## सिनेमा

### लगातार फ्लॉप फिल्मों से कमजोर हुआ एक्टिंग करियर, क्या 'बागी 4' से टाइगर श्रॉफ को मिलेगी सक्सेस?



जब बॉलीवुड में एक्शन हीरोज की कमी महसूस होने लगी थी, तब साजिद नाडियाडवाला ने इंडस्ट्री को एक ऐसा एक्टर दिया जो अपने स्टंट्स खुद परफॉर्म करने की काबिलियत रखता है. साल 2014 में फिल्म 'हीरोपंती' से जैकी श्रॉफ के बेटे टाइगर श्रॉफ का डेब्यू हुआ, जिन्होंने अपनी फ्लाइंग किक और मार्शल आर्ट टेकनीक से सभी को हैरान कर दिया था. टाइगर को बॉलीवुड में एक सॉलिड शुरुआत मिली. डेब्यू के दो सालों बाद उनकी फिल्म 'बागी' रिलीज हुई, जिसमें उनकी जबरदस्त एक्शन परफॉर्मेंस ने लोगों का दिल जीता था. उन्हें देखकर हर किसी को ये लगने लगा था कि बॉलीवुड को अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के बाद एक बेहतरीन एक्शन हीरो मिल चुका है. टाइगर श्रॉफ के करियर के साथ एक बात बड़ी विचित्र चीज देखी गई है. उनकी हर सुपरहिट फिल्म के बाद कुछ फिल्में फ्लॉप रही हैं जो उनकी खराब फिल्म चॉइसेज को दर्शाने का काम करता है. 'हीरोपंती' और 'बागी' की सक्सेस के बाद एक्टर ने 'अ फ्लाइंग जट' और 'मुन्ना माइकल' जैसी फिल्मों को चुना जिन्होंने उनके आगे बढ़ते सक्सेसफुल करियर पर ब्रेक लगाया.

## Highlights

1. Bangla must on signboards by Sept 30: Kolkata civic body to traders
2. Constable held after rape complaint by woman advocate in B'luru
3. Panchayat president, staff arrested in Bantwal bribery case
4. Western instrument finds desi soul in Ganeshotsav processions
5. Electronic manufacturing sector grew sixfold to ₹11-lakh cr in 11 yrs: Vaishnaw

# From coding at 7 to CEO at 18: Zach Yadegari shares journey of building $1.4 million-a-month AI company

**NEW DEIHI, (Agency).** Zach Yadegari, an 18-year-old US-based entrepreneur, recently shared how he built a booming AI startup that now generates $1.4 million in monthly revenue. Yadegari is the co-founder and CEO of Cal AI, a calorie-tracking mobile app he launched from his parents' home in New York in May 2024. In August this year, he started undergraduate classes at the University of Miami's business school, but says that he doesn't plan to stay for more than a year. He dreams of a career in serial entrepreneurship.

"I think that entrepreneurship is really cool because at the end of the day, age doesn't really matter much," Yadegari said, as per a report by CNBC Make It. "You're either good or not good at what you do, and then the market will decide (the) results," he continued.

Coding at summer camp to building a viral app

Speaking to the outlet, the 18-year-old revealed that his



entrepreneurial journey began early. At age 7, his mother sent him to a summer camp to learn coding, nurturing his interest in software. He later taught himself by watching YouTube tutorials and connecting with other coders online.

Then, in high school, Yadegari created a gaming website called Totally Science, allowing students to play online games on school WiFi networks, bypassing restrictions. He sold the site for roughly $100,000 in early 2024.

The breakthrough came when Yadegari focused on a personal problem: calorie tracking. When he started working out, he realised that every calorie-tracking app he downloaded made him manually input all his food - a task he found tedious.

So, he partnered with his childhood friend Henry Langmack and two acquaintances from social media, Blake Anderson and Jake Castillo, to build an AI model capable of analysing photos of meals and automating the process.

The group invested $2,000 in initial social media marketing. Positive early feedback convinced them to then fund Cal AI's operating and marketing expenses for six months. The app earned over $28,000 in its first month and $115,000 the following month. The team expanded, hiring employees and conducting interviews while living temporarily in a San Francisco "hacker house."

# Hyundai to cut prices on cars by up to ₹2.4 lakh; Creta, Alcazar among cars to get cheaper

**NEW DEIHI, (Agency).** Hyundai Motor India on Sunday announced reducing prices of its cars by up to ₹2.4 lakh to pass on the GST rate cut benefits to customers.

The move comes after several automobile manufacturers, including Tata, Mahindra and Renault India, announced price cuts following GST rationalisation earlier this week.

Hyundai has announced price cut for most of its models, ranging from Verna, which will see a price drop of ₹60,640, to Tucson and Venue, where the price cut would be ₹2,40,303 and ₹1,23,659, respectively. Other models, including i20, Alcazar and Creta will also see




significant price cut.

The GST Council earlier this week decided to reduce the tax on passenger vehicles to 18 per cent from 28 per cent. The new tax rate will come into effect from September 22.

"This reform is not only a boost to the automotive industry but also a strong step towards empowering millions of customers by making personal mobility more affordable and accessible," Unsoo Kim, Managing Director of Hyundai Motor India, said in a statement.

The revised price on the Hyundai cars are as follows:

Grand i 10 Nios- ₹73,808
Aura- ₹78,465
Exter- ₹89,209
i20- ₹98,053
i20 N Line- ₹1,08,116
Venue- ₹1,23,659
Venue N Line- ₹1,19,390
Verna- ₹60,640
Creta- ₹72,145
Creta N Line- ₹71,762
Alcazar- ₹75,376
Tucson- ₹2,40,303

The revised prices would be applicable from September 22, when the GST 2.0 comes into effect.Tata Motors on Friday announced cutting the price of cars by up to ₹1.45 lakh to pass on the benefit of GST reduction to customers.

# झांकियों के कारवां से पकड़े गए 40 बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। झांकियों के कारवां के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्राइम ब्रांच की टीम को भी तैनात किया गया था। ऐसे में रात के समय क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए 37 लोगों को पकड़ा, जिनमें अलग-अलग इलाकों से आपराधिक गतिविधियों में शामिल बदमाश शामिल थे। सभी को संबंधित थानों में भेजा गया है।**

**12 लोगों पर आर्म्स एक्ट में कार्रवाई-** 12 बदमाशों के पास से अवैध हथियार (जैसे चाकू आदि) बरामद हुए हैं। इन पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा, 28 अन्य संदिग्धों को पकड़ा गया, जिन पर शांति भंग करने की आशंका के चलते दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच, राजेश दंडोतिया ने बताया कि झांकियों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और महिलाओं से छेड़छाड़ की रोकथाम को लेकर क्राइम ब्रांच की टीम को विशेष निर्देशों के साथ तैनात किया गया था। टीम को निर्देश दिए गए थे कि वे झांकी मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखें और तुरंत कार्रवाई करें।

इन इलाकों से पकड़े गए बदमाश- एमजी रोड क्षेत्र में, झांकी मार्ग पर, भानू पुत्र खेमसिंह जाटव (निवासीः पुलिस लाइन, ईमली बाजार) को चाकू के साथ पकड़ा गया। कान्हा पुत्र श्याम बामनेल (निवासीः छोटी ग्वालटोली) को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। अरुण पुत्र सुनील सूर्यवंशी को कृष्णपुरा पुल के पास से चाकू सहित पकड़ा गया।

इसके अलावा, करीब 9 अन्य बदमाशों को भी अवैध हथियारों के साथ पकड़ा गया और उन्हें संबंधित थानों में भेजा गया। एडिशनल डीसीपी के अनुसार, ड्रोन कैमरों और विशेष टीमों की मदद से पूरे झांकी मार्ग की निगरानी की गई। 28 संदिग्धों को छेड़छाड़ और माहौल बिगाड़ने की कोशिश के चलते पकड़ा गया। रात भर चली निगरानी के बावजूद किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई, जिससे पुलिस की सतर्कता सफल रही।

## हादसे में दादी और 10 साल की पोती की मौत

### देवरानी के यहां अनंत चतुर्दशी की पूजा में शामिल होकर लौट रहीं थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर। इंदौर देपालपुर रोड पर शनिवार शाम 5 बजे एक बाइक को ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में दादी और 10 साल की पोती की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहा महिला का बेटा घायल हुआ है । उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। तीनों इंदौर के द्वारकापुरी से देपालपुर जा रहे थे। वह अनंत चतुर्दशी की पूजा में शामिल होने आए थे।**

चदंन नगर पुलिस के मुताबिक घटना इंदौर अकोदिया रोड़ की है। यहां देपालपुर से 1 किलोमीटर पहले एक बाइक को ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में जीवन सोलंकी घायल हो गया। उसकी मां सायराबाई(55) पति भेरूसिंह सोलंकी और भतीजी वेदिका(10) पुत्री राहुल सोलंकी की मौत हो गई। बेटे राहुल ने बताया कि तीनों बाइक से शनिवार सुबह देपालपुर से इंदौर के द्वारकापुरी आए थे। पूजा खत्म होने के बाद सभी बाइक से निकले थे। जीवन का परिवार खेती करता है। सायराबाइ के परिवार में उनके 5 बच्चे हैं। वेदिका 5वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही है।

## कर्मचारी की मौत में सुपरवाइजर दोषी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। लसूड़िया में एक बिल्डिंग की लिफ्ट के गड्ढे में गिरने से कर्मचारी की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने जांच में सुपरवाजर को दोषी माना है। इसे लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शनिवार रात को एफआईआर की है। एक माह पहले बिल्डिंग में हादसा हुआ था। लसूड़िया पुलिस ने बताया कि राजेश(50) पुत्र बाबूलाल अहिरवार निवासी सत्यम विहार कॉलोनी की 6 जुलाई को गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। मामले में अबंर गार्ड कनवेन्शन संटर बायपास लसूड़िया में काम कर रही कंपनी हरिओम इंटीरियर के सुपरवाइजर खुम्माराम पुत्र रामू राम जाट निवासी रोहणी निवासी जिला नागोर की लापरवाही सामने आई। खुम्मासिंह की देखरेख में यहां काम हो रहा था। जिसमें लिफ्ट को लेकर गड्ढा किया गया। काम के दौरान राजेश गिर गया। परिजनों के भी पुलिस ने बयान लिए थे। इसके बाद कार्रवाई की गई।

## मंदिर की रेलिंग पर रखी पशु की पूंछ

### रहवासियों और हिंदू संगठनों में आक्रोश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र), इंदौर। अनंत चतुर्दशी पर लसूडिया थाना क्षेत्र के एक मंदिर में पशु की पूंछ रखने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर रहवासियों और बजरंग दल में भारी आक्रोश है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, तुलसी नगर में एक मंदिर में पशु की पूंछ को रेलिंग पर किसी ने रख दिया था। इसके बाद आसपास के लोग वहां एकत्रित हो गए। जिसके बाद पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना पर लसूडिया पुलिस मौके पर पहुंची और पूंछ को जब्त कर लिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। घटना को लेकर उन्होंने घोर आपत्ति जताई। उन्होंने मामले में पुलिस से सख्ती से कार्रवाई करने की मांग की है। इधर, घटना की जानकारी के बाद लसूडिया पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूंछ को जब्त कर लिया। हालांकि ये पूंछ किस पशु की ये स्पष्ट नहीं हो सका है। लसूडिया टीआई तारेश सोनी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक